दिन–शनिवार दिनांक– 24 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन समझौते कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। रोजगार मेले के तहत आज देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पटना और मुजफ्फरपुर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं, मुजफ्फरपुर में केन्द्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज वैशाली जिले में एक सौ बावन करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ अट्ठाईस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और शुभारंभ किया। प्राप्त मुख्यमंत्री ने इस दौरान चौवन करोड़ रूपये की लागत वाली पच्चीस योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं, श्री कुमार अंठानवे करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ तीन योजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री कुमार ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

———————————————————————————

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ दोवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर जननायक के पैतृक गांव समस्तीपुर

के कर्पूरी ग्राम में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, जननायक के पुत्र और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया। इधर, पटना के देशरत्न मार्ग में कला और संस्कृति विभाग की ओर से जयंती समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अनेक गणमान्य लोगों ने शामिल होकर जननायक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर का भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों का उत्थान उनकी रानीति का केन्द्र रहा है।

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले दशक में वस्त्र क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय वस्त्र मेले में श्री सिंह ने कहा कि दो हजार पच्चीस में घरेलू बाजार छह लाख करोड़ से बढ़कर तेरह लाख करोड़ रुपये का हो गया और कोविड के बाद की अवधि में निर्यात में भी पच्चीस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ तीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब

चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण को उजागर करता है। प्रतिवर्ष चौबीस जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने, और समान अवसर प्रदान करता है।

---

समाप्त